2025/241

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास– **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी	**बनाम**	**अप्रार्थी**
मोहनलाल		सरकार

F 702
बिलाडा
374
23/5/25

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :– 205/2025

दिनांकः– 13/5/25

–::आदेश::–

प्रार्थी **मोहनलाल** पुत्र श्री **रताराम** जाति **भाट** निवासी **रामनगर कलां** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम **रामनगर कलां** की जमाबंदी संवत् **2073 से 2076** के खाता सं. 92 के खसरा नंबर 34/5 में दर्ज अशुद्ध नाम **मोहनराम पुत्र रताराम** जाति **भाट** निवासी **रामनगर कलां** का शुद्ध नाम **मोहनलाल** पुत्र श्री **रताराम** जाति **भाट** निवासी **रामनगर कलां** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उप खण्ड अधिकारी, बिलाडा

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाडा